आनन्दी आई.ए.एस.
राज्य परियोजना निदेशक

सत्यमेव जयते

RCSE
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्

अ.शा. पत्रांकः रामाशिप / जय / निजी /
2018 / 280 दिनांक 12.01.18

प्रिय संस्था प्रधानजी,

मैं आपका ध्यान इस विभाग के समसंख्यक अर्द्ध–शासकीय पत्रांकः रामाशिप / जय / निजी / 2018 / 222 दिनांक 09.01.2018 की ओर आकर्षित करना चाहूंगी। जिसके तहत राज्य में 5 फरवरी, 2018 को आयोजित होने वाली **"नेशनल अचीवमेन्ट सर्वे" (NAS) Cycle-2** परीक्षा की तैयारी सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये थे। उक्त परीक्षा कक्षा 10 के छात्र–छात्राओं के शैक्षिक स्तर का परीक्षण किये जाने हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली (NCERT) द्वारा आयोजित की जायेगी। आशा करती हूँ कि आप उक्त परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को अच्छे से प्रशिक्षित कर रहे होंगे।

मैं पुनः अवगत कराना चाहूंगी कि उक्त परीक्षा से सम्बन्धित प्रश्न बैंक / मॉडल पेपर शाला दर्पण पर उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को उक्त परीक्षा की प्रभावी तैयारी कराये जाने के साथ OMR Sheet उपयोग करने का भी प्रतिदिन अभ्यास करावें। उक्त परीक्षा की तैयारी हेतु बी.एड. इन्टर्न्स का विशेष रूप से सहयोग लिया जा सकता है। साथ ही सभी विद्यार्थियों का आधार नामांकन अनिवार्य रूप से अद्यतन कराया जावे ताकि उक्त परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

सादर।

(आनन्दी)

समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक,
राजस्थान।

www.rajteachers.com

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल भवन प्रथम तल, डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर (राज.) 302017
Phone No.: 0141-2715551 Fax: 2715503 • E-mail : spdrmsaraj@gmail.com • Website : www.rajrmsa.nic.in